कर्मचारियों को नहीं मिल रहा लाभ

# आदेश 62 की उम्र तक काम पर लेने के, ले रहे 60 तक ही

पत्रिका अभियान

रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भले शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर लाने की कवायद के लिए नाले में बगैर संसाधन के उतरकर काम करें, लेकिन निगम उनको शासन द्वारा घोषित लाभ तक नहीं दे पा रही है। नियम कहते है कि इन कर्मचारियों को 62 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत किए जाने का आदेश है, लेकिन शहर में निगम 60 वर्ष की उम्र होते ही घर भेज रही है। इतना ही नहीं, इन कर्मचारियों का मेडिकल करवाने से लेकर पीएफ काटने तक के आदेश है, लेकिन इस पर अमल नहीं हो रहा है।

नगर निगम में विभिन्न मांग को लेकर कई बार कर्मचारी संगठन आवेदन दे चुके है, लेकिन निगम का प्रशासनीक अमला इनसे चर्चा के लिए दी हुई तारीख को बार बार बढ़ा रहा है। जून में दिए गए मांग पत्र पर पहले 5 जुलाई फिर 9, 15, 22 के बाद अब 29 जुलाई की तारीख दी गई है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जूते, हाथ कचरा गाड़ी, मैजिक को सही करवाया जाए,



अनुकंपा नियुक्ति नियम अनुसार दी जाए आदि की लड़ाई लड़ रहे है। इतना ही नहीं, इन कर्मचारियों का कहना है कि जब 62 वर्ष की सेवा अवधि का नियम है तो 60 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत क्यों किया जा रहा है। इन मांग को लेकर ही न तो प्रशासक न आयुक्त इन कर्मचारियों से चर्चा कर रहे है।

## इसलिए ही अब आंदोलन की जरुरत है


नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के साथ सोतेला व्यवहार हो रहा है। इसलिए ही अब आंदोलन की जरुरत है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को वाल्मीकि जयंती का अवकाश की पात्रता भी नहीं रहती है।

**- हिरेश पैमाल,** अध्यक्ष, अजा विभाग कांग्रेस

पत्रिका 23/7/21

# दो बत्ती पर हो रही सफाई निकला ढेर सारा कचरा

रतलाम। नगर निगम द्वारा स्व%छता के लाख दावे किए जाएं, लेकिन यह दावे सिर्फ कागजों में और बैनरों पर ही दिखाई देते हैं। इसके विपरीत शहर में हर जगह गंदगी पड़ी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



शहर के दो बत्ती क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर लगे डिवाईडरों के बीच धुल जम रही है। यह धुल जमकर गाद बन गई है। अगर रोजाना यहां पर साफ सफाई होती तो इतनी गंदगी नहीं रहती, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से शहर में हर जगह गंदगी फैली हुई है, स्व%छता के दावे सिर्फ कागजों पर ही सीमित है।

राज एक्सप्रेस 29/7/21

# जिले की डेढ़ हजार से अधिक स्कूलों में होगा नल कनेक्शन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले के शासकीय विद्यालयों में पेयजल की उपलब्धता के लिए जल जीवन मिशन के तहत विशेष कार्य किए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत जिले के रतलाम, जावरा एवं सैलाना की 1594 शालाओं में पेयजल कार्य प्रस्तावित है। इनमें से रतलाम उपखंड के 384, जावरा के 588 तथा सैलाना की 622 शालाएं शामिल हैं। इन शालाओं में से 924 शालाओं में कार्य प्रगतिरत है तथा 108 में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शालाओं के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। जिले की 1084 आंगनवाड़ियों में इस योजना के तहत पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इनमें रतलाम उपखंड के 274, जावरा की 561 तथा सैलाना के 249 आंगनवाड़ियां शामिल हैं। इन आंगनवाड़ी केंद्रों में से 514 केंद्रों पर कार्य प्रगतिरत है तथा 43 पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

पत्रिका 29/7/21

# जिले के डेढ़ हजार से ज्यादा स्कूलों में होगी पेयजल व्यवस्था

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्कूलों में पेयजल की उपलब्धता के लिए जल जीवन मिशन के तहत विशेष काम किए जा रहे हैं।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम योजना के तहत जिले के रतलाम, जावरा व सैलाना की 1594 स्कूलों में पेयजल काम प्रस्तावित है। इनमें से रतलाम उपखंड के 384, जावरा के 588 व सैलाना के 622 स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में से 924 में काम प्रगति पर है। 108 स्कूलों में काम पूरा किया जा चुका है। स्कूलों के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी पेयजल की व्यवस्था है। जिले की 1084 आंगनवाड़ी में योजना के तहत पेयजल की उपलब्धता रहेगी। इनमें रतलाम उपखंड के 274, जावरा की 561 व सैलाना के 249 आंगनवाड़ी शामिल है। 43 आंगनवाड़ी में काम पूरा हो चुका है।


दै. भास्कर 29/7/21

# 'महिलाओं से पूछेंगे... पानी आता है या नहीं'

रतलाम, नप्र। गांव में महिलाओं से बात कर पता लगाया जाएगा कि जिनके घरों में नल हैं, उसमें पानी आता है या नहीं। अब तक कितने घरों में नल कनेक्शन हुए है। नल जल योजना से गांव के लोग खुश है या नहीं।

जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दी गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जल जीवन मिशन के तहत अब तक जिन योजनाओं का काम पूरा हो चुका है उसका सोशल फीडबैक लिया जाएगा। खासतौर पर महिलाओं से पूछा जाएगा कि उनके परिवार योजना क्रियान्वयन से लाभान्वित हुए हैं अथवा नहीं। घरों में नल लगे हैं या नहीं। जानकारी जुटाने के लिए अधिकारी गांव जाएंगे। महिलाओं से बात कर उनसे जानकारी लेंगे कि अब तक कितने घरों में नल कनेक्शन हुए और कितनों में नहीं। यह भी जाना जाएगा कि गांव के लोग इससे संतुष्ट हैं या नहीं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि योजना की जानकारी सोशल फीडबैक के रूप में ली जा रही है। कलेक्टर



अनुमोदन जरूरी-कलेक्टर

ने बैठक में साफतौर पर चेताया कि मिशन के तहत होने वाली कोई भी योजना बगैर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अनुमोदन के क्रियान्वित नहीं की जाएगी। इसके लिए कार्यपालन यंत्री की जिम्मेदारी रहेगी कि वे बगैर ग्राम समिति के अनुमोदन के किसी भी तरह से किसी भी फाइल को आगे नहीं बढ़ाएं। कलेक्टर ने बैठक में मौजूद उपयंत्रियों से जानकारी ली कि वे संबंधित ग्राम में जाते हैं की नहीं। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव से उनकी बात होती है या नहीं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन का सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। देखा जाए कि योजना के लिए गांव में समुचित पेयजल स्त्रोत उपलब्ध है अथवा नहीं।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत जिले की शालाओं और आंगनवाड़ियों में आगामी 15 अगस्त तक काम पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर हफ्ते स्कूल, आंगनवाड़ियों में काम पूरे होने की समीक्षा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई पी.के. गोगादे, जल सलाहकार आनंद व्यास, सहित उपयंत्रीगण मौजूद रहे। पृ.क्र.28

प्रभात किरण 28/7/21

**निर्माण अधूरा, रुपए परिवार के नाम पर निकाल लिए**

# सड़क निर्माण पर करोड़ों व्यय, फिर भी कीचड़ में चलने की मजबूरी


**पत्रिका डेटा डिकोडेड**

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में पंचायतों में सीसी रोड निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपए का व्यय हर जनपद में किया गया, लेकिन इसके बाद भी मानसून आते ही कीचड़ में चलने की मजबूरी गांव ग्रामीणों की बनी हुई है। इसकी वजह यह है की रुपए तो पूरे जारी किए गए, लेकिन कही परिवार के नाम पर रुपए निकाल लिए गए तो कही पर कागज में निर्माण कार्य किए गए। अब इन कार्यों में जैसे जैस गड़बडी सामने आ रही है वैसे जांच के आदेश दिए जा रहे हैं।

जिले में सीसी रोड के नाम पर जनपद पंचायतों ने भारी भरकम रुपए तो व्यय किए है, लेकिन वास्तविकता में गांव में जाकर देखा जाए तो सीसी के बजाए उखड़ी हुई सड़क है। हाल ही में सैलाना विधायक हर्षविजय गेहलोत ने जिला योजना समिति की बैठक में इस मामले को उठाया है। इसमे निर्माण कार्यों के बारे में जवाब तो दिया गया, लेकिन जहां गड़बड़ है उसके बारे में चूप्पी साध ली गई।

## यहां गड़बड़ के खिलाफ उठी आवाज



नगरा के करीब सेवरिया के सहायक सचिव नेपालसिंह के खिलाफ ग्रामीण मैदान में उतर गए है। तीन साल से निर्माण कार्य की शिकायत कर रहे थे, अब जाकर सीईओ मीनाक्षीसिंह ने जांच का भरोसा दिया है। रहवासियों ने बताया की शासकीय भूमि पर पुराने कुए को तालाब बताकर मनरेगा में परिवार के सदस्यों से काम करवाया व करीब एक लाख रुपए उनके ही नाम पर निकाल लिए। इसके बाद भी तालाब कार्य अधूरा है।

| जनपद | कुल ग्राम | सीसी की लंबाई मी. | कुल लागत |
|---|---|---|---|
| आलोट | 200 | 142308.00 | 514028870 |
| बाजना | 357 | 21304.33 | 53144384 |
| जावरा | 156 | 65154.58 | 219308062 |
| पिपलौदा | 117 | 71931.60 | 206329048 |
| रतलाम | 180 | 153770.54 | 462073534 |
| सैलाना | 270 | 94402.00 | 238388350 |

### जांच की जाएगी

हाल ही मे विभिन्न स्थान पर निर्माण कार्य में गड़बड़ की जानकारी या शिकायत मिली है। इनकी जांच की जाएगी।

**- मीनाक्षीसिंह**, सीईओ जिला पंचायत

पत्रिका 29/7/21

पत्रिका

सरकार ने साफ की स्थिति

# प्रदेश में अभी 6 महीने नहीं होंगे नगरीय निकाय चुनाव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की अटकलों पर सरकार ने विराम लगा दिया है। बुधवार को सरकार ने साफ किया कि अभी छह महीने तक नगरीय निकाय चुनाव कराना संभव नहीं है। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कानूनी विषयों और कोरोना के चलते अभी चुनाव नहीं कराए जा सकते हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने भी कोरोना का हवाला देकर न्यायालय को अभी चुनाव कराने में असमर्थता जताई है। मीडिया से बातचीत में सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण प्रदेश से गया नहीं है। इस कारण अभी चुनाव कराने की स्थिति नहीं है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने भी निकाय चुनाव को लेकर वार्ड आरक्षण का मामला भी सुप्रीम कोर्ट में है। मंत्री सिंह ने इसका भी हवाला दिया है। बोले, अभी कई कानूनी पेचीदगियां हैं। इन सब पर विचार के बाद ही निकाय चुनाव पर कोई फैसला होगा।

पत्रिका। २9/2/२1

## नगर निगम के सहायक यंत्री आचार्य निलंबित

रतलाम. शहर में पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा नगर निगम के सहायक यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य को बुधवार को निलंबित कर दिया। निलंबन के बाद आचार्य को जुलवानिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अटैच किया गया है। बता दे की कलेक्टर द्वारा विगत दिनों शहर की पेयजल समस्या निराकरण के संबंध में बैठक ली जाकर साफ कहा था की पेयजल की बिगड़ी अव्यवस्था को सुधारा जाए। कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कहने के बाद सुधार नहीं हो पा रहा था। इसके बाद ही निलंबन की कार्रवाई की गई है। पत्रिका।

पत्रिका २९/७/२१

## सहायक यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य निलंबित

रतलाम। शहर में पेयजल वितरण की गड़बड़ाई व्यवस्था पर अब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सख्ती शुरू कर दी है। गत करीब 25 दिनों से शहर में जलवितरण समय पर नहीं हो पा रहा है। कभी बिजली फाल्ट तो कभी पाइपलाइन फूटने से सप्लाई प्रभावित होती रही।

पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर ने नगर निगम के सहायक यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य को निलंबित कर जुलवानिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अटैच किया है। गत दिनों शहर की पेयजल समस्या निराकरण के संबंध में बैठक लेकर कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा था कि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी। शिकायतें निरंतर प्राप्त होने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

नईदुनिया २९/७/२१

# रतलाम में पिछले साल से ज्यादा बारिश

रतलाम, नप्र। जिले में अब तक 463.9 मिलीमीटर यानि करीब 18 इंच से अधिक औसत बारिश दर्ज की जा चुकी है। पिछले साल इस अवधि तक औसत 371 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी, जो पिछले साल की तुलना में इस बार की बारिश 92.9 मिलीमीटर औसत बारिश अधिक है। जिले में गत 24 घंटों के दौरान तक औसत 19.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भू अभिलेख से मिले आंकड़ों के मुताबिक जिले के आलोट विकासखंड में 44 मिलीमीटर, जावरा विकासखंड में 26 मिलीमीटर, ताल विकासखंड में 29 मिलीमीटर, पिपलौदा विकासखंड में 26 मिलीमीटर, बाजना विकासखंड में 1 मिलीमीटर, रतलाम विकासखंड में 5 मिलीमीटर तथा रावटी विकासखंड में 2 एवं सैलाना विकासखंड में 21 मिलीमीटर औसत बारिष दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले की सामान्य वर्षा 918.3 मिलीमीटर है।

# कीचड़ और गड्ढे से निजात दिलाएं- बैलूत

रतलाम। कांग्रेस के इकराम इक्का बैलूत ने निगम प्रशासन से मांग की है कि बारिश के चलते शहर में कीचड़ और गड्ढे की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं। मुरम और चूरी डलवाकर लोगों को गड्ढों

# छूटे परिवार को भी पात्रता पर्ची पर राशन...

रतलाम, नप्र। मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना सफलता के साथ लागू की गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में पात्र परिवारों को राशन वितरण का काम प्राथमिकता के साथ हो रहा है। जिले में संचालित 521 उचित मूल्य दुकानों से नियमित राशन वितरण कराया जा रहा है। जिले में कोविड 19 के छूटे हुए 3760 पात्र परिवारों को स्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई जिन पर पात्रता अनुसार खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है। साथ ही यह भी तय कराया जा रहा है कि हर हितग्राही को वितरित खाद्यान्न की पीओएस मशीन से पावती जरूरी रूप से दी जावे ताकि विक्रेता गड़बड़ी न कर सके। जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का काम भी प्रगति पर है।

**जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक-** बैंकों की जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक आज 28 जुलाई की शाम 4.30 बजे आयोजित की जाएगी। कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर होने वाली जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक में शासन प्रायोजित योजनाओं, कार्यक्रमों की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की मौजूदगी में समीक्षा की जाएगी।

**फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई-** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले में अधिसूचित की जाने वाली खरीफ फसलों की सूची राजपत्र में प्रकाशन हो चुकी है। तहसील स्तर पर कपास एवं जिला स्तर पर उड़द, मूंग एवं पटवारी हल्का स्तर पर सोयाबीन तथा मक्का फसल को परिभाषित किया है। बताया गय है। कि फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। कृषको के लिए मौसम खरीफ में प्रीमीयम दर अनाज, तिलहन एवं दलहनी फसलों के लिए बीमीत राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो, कपास के लिए बीमीत राशि का 5 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हों देय होगी।

**सैलाना में रोजगार मेला-** जिले के विभिन्न विकासखंडों में रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर लगाए जा रहे इन मेले में आज सैलाना में रोजगार मेला लग रहा है। जावरा में परसो 30 जुलाई को ऐसे ही रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिले के ऐसे बेरोजगार आवेदक जो कक्षा आठवीं, दसवीं, बारहवीं किसी भी विषय में स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा धारक, इंजीनियरिंग स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण है तथा जिनकी आयु 18 से 30 साल के बीच है और मध्यप्रदेश एवं अन्य प्रदेशों में काम करने के इच्छुक है तो इन रोजगार मेलों में पहुंचकर होकर अवसर का लाभ ले सकते है।

## शिक्षकों को 31 जुलाई तक टीके

महाविद्यालय एव विद्यालयों के शिक्षको व कर्मचारियों का कोविड टीकाकरण 31 जुलाई तक किया जाना है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए है कि टीकाकरण से शेष बचे हुए सभी संस्थाओं के शिक्षक व कर्मचारी अपना टीकाकरण करवाना तय करें। इसी के तहत कल सोमवार को सुबह 9 बजे से शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों का टीकाकरण उत्कृष्ट विद्यालय सागोद रोड पर किया। अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व स्कूल कर्मचारियों का टीकाकरण गुरु तेग बहादुर एकेडमी सैलाना रोड पर किया गया।

प्रभात किरण 28/7/21

## कार्ड बनाने में कोताही, ऑनलाइन शॉप पर कार्रवाई

रतलाम। शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गौशाला रोड स्थित एमपी ऑनलाइन सेंटर के संचालक मनोज पिता छोटेलाल चौधरी की दुकान का निरीक्षण किया। यहां पता लगा कि उन्हें जिस शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचना था, वे वहां नहीं पहुंचे तथा अपने सेंटर पर कार्य करते रहे। श्री गहलोत ने इस कार्य में लापरवाही बरतने पर उक्त ऑनलाइन शॉप को 24 घंटे के लिए बंद करने के निर्देश दिए तथा संचालक को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी है।

## आयुष्मान कार्ड में लापरवाही पर दुकान बंद

रतलाम. शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। यहां पर एमपी ऑनलाइन सेंटर संचालक की ड्यूटी निर्धारित दिनांक के लिए लगाई गई थी लेकिन बुधवार को पीडीएस शॉप पर जांच के दौरान एक स्थान पर सेंटर संचालक नहीं पहुंचा। ऐसे में शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसकी दुकान 24 घंटे के लिए सील की गई है। एसडीम शहर ने बताया कि रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए उचित मूल्य की दुकानों पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुष्मान शिविर में ऑनलाइन शॉप सेंटर संचालकों की ड्यूटी लगाई गई। निर्धारित दिनांक पर संचालक के नहीं पहुंचने संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर गौशाला रोड स्थित एमपी ऑनलाइन सेंटर के संचालक मनोज चौधरी की दुकान का निरीक्षण किया। यहां पता लगा कि उन्हें जिस शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचना था, वे वहां नहीं पहुंचे तथा अपने सेंटर पर कार्य करते रहे। इस पर शासन की प्राथमिकता वाले इस कार्य में लापरवाही बरतने पर उक्त ऑनलाइन शॉप को 24 घंटे के लिए बंद करने के निर्देश दिए तथा संचालक को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी है।

पत्रिका 29/7/21

## आयुष्मान योजना का लाभ देने की मांग

रतलाम। अभा वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक नागपुर से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसू भाई दवे ने की। राष्ट्रीय महामंत्री बसंत पिपलापुरे ने बताया कि बैठक में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी, एलआइसी, पोस्टल, बैंक व अन्य पेंशनर महासंघों के पदाधिकारी, 15 प्रांतों के वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। वरिष्ठ नागरिकों की बैंक, पोस्ट आफिस में जमा एफडी पर तीन प्रतिशत ब्याज ज्यादा देने, सभी वरिष्ठों को आयुष्मान योजना का लाभ देने, न्यूनतम पेंशन 5000 रुपये देने, वरिष्ठ नागरिक परिसंघ द्वारा 21 अगस्त को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रहित को ध्यान रखते हुए वरिष्ठ नागरिक परिसंघ को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय हो। इससे वरिष्ठों को लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। प्रदेश से सात प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। प्रदेश महामंत्री मांगीलाल पंडित ने प्रदेश की जानकारी का वृत प्रस्तुत किया।

प्रगति

समूह जल प्रदाय योजना के तहत 14 ग्रामों की 28 हजार से ज्यादा की आबादी होगी लाभान्वित

# गुणावद जल योजना से तीन हजार से अधिक को नल संयोजन

**रतलाम।** जिले में जल निगम की प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजना के तहत गुणावद से 3366 घरेलू नल कनेक्शन अब तक दिए जा चुके हैं। यहां से कुल 6043 कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है। इस योजना से 14 ग्रामों के 28 हजार से अधिक जनसंख्या लाभान्वित होगी। मलेनी नदी से संचालित होने वाली इस योजना में जल प्रदाय क्षमता 2.80 एमएलडी व अनुमानित लागत 25.94 करोड़ है। इस योजना की वर्तमान में 81प्रतिशत से अधिक प्रगति हो चुकी है।

जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल कनेक्शन के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मापदंड से नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जून 2020 से जल जीवन मिशन में कार्य किया जा रहा है। इसमें जिले के 1050 ग्राम कवर होंगे। इनमें 71 ग्रामों को शत प्रतिशत एफएचटीसी (क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन) ग्राम बनाया जा चुका है। 979 ग्रामों में यह कार्य प्रगति पर है।

**पीएचई की 140 योजनाओं पर काम जारी**

पीएचई की विभागीय नल जल योजना में 140 ग्राम में योजना प्रगतिरत है और 687 ग्राम विभागीय योजनाओं से आच्छादित हो चुके हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आलोट, जावरा, सैलाना एवं रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में कुल 186 स्वीकृत योजनाओं में से 41 पूर्ण की जा चुकी है।

**डेढ़ हजार से अधिक स्कूलों में पेयजल व्यवस्था होगी**

मिशन के अंतर्गत जिले के रतलाम, जावरा एवं सैलाना की 1594 शालाओं में पेयजल कार्य प्रस्तावित है। इनमें से रतलाम उपखंड के 384, जावरा के 588 तथा सैलाना की 622 शालाएं शामिल हैं। इन शालाओं में से 924 शालाओं में कार्य प्रगतिरत है तथा 108 में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिले की 1084 आंगनवाड़ियों में इस योजना के तहत पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इनमें रतलाम उपखंड के 274, जावरा की 561 तथा सैलाना के 249 आंगनवाड़ियां शामिल हैं।

## 'आजाद ही आजादी के रियल फाइटर'

**रतलाम।** शहीद चौक पर आजाद हिंद संगठन द्वारा चंद्रशेखर आजाद को 115वी जयंती पर याद करो कुर्बानी कार्यक्रम के तहत याद किया गया। आजाद हिंद संगठन के संयोजक राकेश पांचाल ने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे चंद्रशेखर आजाद उन महान क्रांतिकारियों में से एक है, जिनके नाम से ही अंग्रेज कांपा करते थे। वह एक निर्भीक क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान तक दे दिया।

बेखौफ अंदाज के लिए जाने जानेवाले चंद्रशेखर आजाद सिर्फ 14 साल की उम्र में ही 1921 में वे गांधी जी के असहयोग आंदोलन से जुड़ गए थे। गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन को अचानक बंद कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गए।

चंद्रशेखर रूप बदलने में माहिर थे। उनसे परेशान होकर आजाद को पहचानने के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने 700 लोग नौकरी पर रखे हुए थे। आजाद ही आजादी के असली हीरो थे। उनके द्वारा किए गए क्रांतिकारी कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता आज पूरा देश उन्हें नमन: करता है। संगठन के हेमंत तावड़े, अमृतलाल पांचाल, महेश सोलंकी, दिशांत सेजकर, धर्मेंद्र साल्वे, शुभम सिखवाल, विनोद चौहान, विकास जाट आदि मौजूद थे।

नईदुनिया

नईदुनिया 29/7/21

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाए

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

अति वृष्टि से निपटने व आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर तैयारियां की गई हैं। नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाए हैं। जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित कर नोटिस दिए हैं।

गांधीनगर कम्युनिटी हॉल में विशाल भटनागर मो. 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर मुकेश मेहता मो. 9629647211, शेरानीपुरा जमातखाना पर विजय अग्रवाल मो. 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पर राजेश सिंह सेंगर मो. 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर प्रदीप उपाध्याय मो. 9589944748, धीरजशाह नगर सॅकल हॉल पर कुलदीप भट्ट मो. 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर महेश व्यास मो. 9752971374 व जैन उ.मा. विद्यालय सागोद रोड पर सुनील कपूर मो. 9644000433 को नियुक्त किया है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने का कहा। नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने, वाल के चेम्बरों पर ढक्कन व फर्शी खुली न रहे इसकी व्यवस्था करने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।

## पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर सहायक यंत्री निलंबित

**रतलाम |** पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम के सहायक यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य को निलंबित कर दिया है।

निलंबन पश्चात आचार्य को डूलचानिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अटैच किया गया है। कलेक्टर द्वारा गत दिनों शहर की पेयजल समस्या निराकरण के संबंध में बैठक ली जाकर निर्देशित किया गया था।

## सीवरेज की खुदाई, आयुक्त ने इंजीनियर को जल्द मरम्मत का कहा

**रतलाम |** मंगलम सिटी मेन रोड कॉलोनी में 600 मीटर लंबी सीवरेज की खुदाई की गई। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया निरीक्षण के लिए पहुंचे। कॉलोनी के प्रकाशचंद्र व्यास, हंसराज छाबड़ा सहित अन्य ने आयुक्त से भेंट की। लोगों ने पानी की परेशानी के बारे में भी बताया। आयुक्त ने सीवरेज की खुदाई की जल्द मरम्मत करने का कहा है, वहीं, पानी की समस्या

## 28 हजार से अधिक जनसंख्या लाभान्वित होगी

# गुणावद योजना 3 हजार से अधिक घरेलू नल कनेक्शन हुए

रतलाम @ पत्रिका. जिले में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल निगम की प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजना गुणावद से 3366 घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। यहां से कुल 6043 घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है। इस योजना से 14 ग्रामों के 28 हजार से अधिक जनसंख्या लाभान्वित होगी। मलेनी नदी स्त्रोत से संचालित होने वाली इस योजना में जल प्रदाय क्षमता 2.80 एमएलडी है। योजना की अनुमानित लागत 25.94 करोड़ है। इस योजना की वर्तमान में 81 प्रतिशत से अधिक प्रगति हो चुकी है।

जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मापदंड से निर्धारित गुणवत्ता का नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है। जून 2020 से जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन प्रारंभ किया जा चुका है। इसके तहत नल जल योजना एवं जल की उपलब्धता संबंधी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत जिले के 1050 ग्राम कव्हर होंगे। इनमें 71 ग्रामों को शत प्रतिशत एफएचटीसी (क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन) ग्राम बनाया जा चुका है। 979 ग्रामों में यह कार्य प्रगति पर है।

पीएचई की विभागीय नल जल योजना में इनमें से 140 ग्राम में योजना प्रगतिरत है और 687 ग्राम विभागीय योजनाओं से जुड़ चुके हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आलोट, जावरा, सैलाना एवं रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में कुल 186 स्वीकृत योजनाओं में से 41 पूर्ण की जा चुकी है और शेष प्रगतिरत है। एफएचटीसी 37559 प्रस्तावित है, इनमें से 22151 पूर्ण की जा चुकी है।

पत्रिका । 29/7/21

# आयुष्मान कार्ड बनाने में की कोताही, शॉप पर कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविर स्थल पर एमपी ऑनलाइन सेंटर संचालक की ड्यूटी निर्धारित दिनांक के लिए लगाई गई थी। निर्धारित दिनांक पर पीडीएस शॉप पर नहीं पहुंचने पर एक ऑनलाइन कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसकी दुकान 24 घंटे के लिए सील की गई है। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए उचित मूल्य की दुकानों पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुष्मान शिविर में ऑनलाइन शॉप सेंटर संचालकों की ड्यूटी लगाई गई। निर्धारित दिनांक पर संचालक के नहीं पहुंचने संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर श्री गहलोत ने गौशाला रोड स्थित एमपी ऑनलाइन सेंटर के संचालक मनोज पिता छोटेलाल चौधरी की दुकान का निरीक्षण किया। यहां पता लगा कि उन्हें जिस शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचना था, वे वहां नहीं पहुंचे तथा अपने सेंटर पर कार्य करते रहे। श्री गहलोत ने शासन की प्राथमिकता वाले इस कार्य में लापरवाही बरतने पर उक्त ऑनलाइन शॉप को 24 घंटे के लिए बंद करने के निर्देश दिए तथा संचालक को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि रतलाम शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इन शिविरों का शासकीय अधिकारियों द्वारा अवलोकन भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी ऑनलाइन संचालकों को निर्देश दिए हैं कि जिसकी ड्यूटी जिस दिनांक को जिस पीडीएस शॉप पर लगाई गई है वह वहां पूरे समय उपस्थित रहकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें।

२/५

राज एक्सप्रेस 29/7/21

## तेज़ी से होगा अब सिटी फोरलेन निर्माण का कार्य

### निगम आयुक्त झारिया द्वारा स्थल का निरीक्षण

रतलाम ● महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण कर मास्टर प्लान अनुसार सड़क की चौड़ाई की पूर्ति हेतु आवास व दुकानों की बाउंड्री को निर्माण कार्य के उपयोग के लिए लिया। रहवासी व दुकानदारों ने भी 4 लेन के कार्य में अपनी स्वेच्छा से सहयोग कर बाउंड्री की भूमि उपलब्ध कराते हुए अपनी मंशा प्रकट करते हुए कहा कि शहर के विकास में वे सहयोग देने को तैयार है। इस तरह 4 लेन निर्माण के कार्य में अब किसी प्रकार की बाधा नहीं है। श्री झारिया ने महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जो दुकान बिना अनुमति चल रही है उनको हटाने व सड़क निर्माण कार्य को तेजी लाए जाने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे। स्वदेश

## फोरलेन निर्माण से बैंक कॉलोनी रोड पर फिसलन, जोखिम ले रहे चालक

रतलाम | कॉन्वेंट चौराहे से महाराजा सज्जन सिंह चौराहे तक इन दिनों फोरलेन का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण कंपनी ने दोनों और बैरिकेडिंग की है जिससे चार पहिया वाहनों की एंट्री ब्लॉक है। हालांकि यहां से दुपहिया वाहन चालक और कॉलोनीवासी आवाजाही कर रहे हैं। लगातार बारिश के चलते मार्ग पर फिसलन और कीचड़ पसर गया है। ऐसे में यहां पर हादसे का अंदेशा बना हुआ है। खास तौर से एक ही वाहन पर दो से अधिक वाहन सवारों के लिए जोखिम ज्यादा है। ऐसे में वर्षाकाल होने से निर्माण अवधि तक चार पहिया वाहनों के साथ ही दुपहिया वाहन चालकों की आवाजाही भी पूरी तरह बंद की जाना चाहिए ताकि यहां पर किसी तरह का खतरा न रहे। भास्कर

## अमृत सागर मार्ग को ठीक करने की मांग

रतलाम. शहर के अमृत सागर कॉलोनी जाने वाला रोड जर्जर हो गया है। बड़े बड़े गड्ढों से आमजन परेशान हो गया है। शहर की खराब सड़कों के लिए अब कांग्रेस ने भी बयान जारी कर दिया है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने आयुक्त सोमनाथ झारिया से मुलाकात कर अमृत सागर के आसपास की रोड को शीघ्र चलने लायक करने के लिए अनुरोध किया है। श्रद्धालुओं का जाना दुष्कर कार्य हो गया है। प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाना आवश्यक है। पत्रिका

दै. भास्कर 29/7/21

## मार्ग सुधारने की मांग को लेकर आयुक्त से मिले

रतलाम | अमृतसागर मार्ग की हालत खराब होने पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया आयुक्त सोमनाथ झारिया से मिले। उन्होंने जल्द से जल्द उक्त मार्ग को दुरुस्त करने की बात कही। कटारिया ने बताया कि सावन माह में अधिक संख्या में श्रद्धालु प्राचीन श्री गढ़ कैलाश मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। साथ ही इसी मार्ग पर अन्य धार्मिक स्थल भी हैं। मार्ग खराब होने के कारण श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी हो रही है। भास्कर

## आजीविका मिशन में 2998 समूहों का गठन

रतलाम। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में 2998 समूहों का गठन किया जा चुका है। 451 समूह का बैंक संयोजन भी किया जा चुका है। अगस्त 2018 से प्रारंभ आजीविका मिशन के तहत रतलाम जिले के आलोट में 472, बाजना में 535, जावरा में 419, पिपलौदा में 514, रतलाम में 576 तथा सैलाना में 482 समूह गठित किए जा चुके है। नईदुनिया

# नगरीय निकाय चुनाव अगले साल

## स्थानीय शासन मंत्री ने दिए संकेत, निर्वाचन आयोग ने हाईकोर्ट में दिया जवाब

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 28 जुलाई. मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण के दोनों लहर के कारण पिछले डेढ़ साल से लंबित और न्यायालयीन प्रक्रिया में उलझी हुई स्थानीय निकाय के चुनाव अगले साल 2022 में मई-जून तक टलने की संभावना है.**

### अगले साल मई-जून में होने की संभावना

हालांकि राज्य निर्वाचन कार्यालय में इसे लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली है ,इसके बावजूद कोरोना महामारी के संभावित तीसरी लहर को देखते हुए इसे आगे बढ़ाया जा सकता है. राज्य निर्वाचन आयोग ने कल ही हाई कोर्ट जबलपुर में एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट में जवाब पेश कर यही संकेत दिया है. हाई कोर्ट के ग्वालियर बेंच में भी नगर निगम, नगर पालिका ,नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षदों के आरक्षण का मामला अभी लंबित है. न्यायालय ने नए सिरे से आरक्षण करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है ,जिसका परिपालन अभी तक नहीं हो पाया है और न्यायालय का स्थगन यथावत है. इधर आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवराज सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने भी संकेत दिया है कि नगरी निकाय चुनाव की पूरी प्रक्रिया को फिर नए सिरे से शुरू करना होगा. अगले साल फरवरी तक यह संभावित है,किंतु इसके बाद स्कूल -कॉलेज के परीक्षा का वक्त रहेगा ऐसी दशा में मई-जून तक ही निकाय चुनाव कराए जा सकेंगे. इन सब परिस्थितियों को देखते हुए भी स्पष्ट रूप से प्रतीत होने लगा है कि वैधानिक और व्यवस्था संबंधी पेचीदगिओ के चलते भी लगभग एक साल तक स्थानीय निकाय चुनाव को डाला जा सकता है.

### नए सिरे से प्रक्रिया का पालन करना होगा



निकाय चुनाव के पूरी प्रक्रिया का फिर से पालन करना होगा मतदाता सूची की तैयारी आदि में कम से कम 6 माह का समय लग जाएगा . अगले साल जनवरी-फरवरी तक चुनाव संभव है किंतु फरवरी के बाद स्कूल कॉलेज के परीक्षा का समय है इसलिए मान कर चलिए की चुनाव मई-जून तक ही संभव है

**- भूपेंद्र सिंह, नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री**

### लाना होगा संशोधन विधेयक

यहां यह भी बताना आवश्यक है कि कमलनाथ सरकार ने अध्यादेश लाकर नगर निगम में मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत में अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की व्यवस्था की है . अर्थात संबंधित निकाय के चुने हुए पार्षद मिलकर बहुमत के आधार पर इसका चुनाव कर सकेंगे ,जबकि मौजूदा सरकार चाहती है कि पूर्व की तरह मेयर और अध्यक्ष /उपाध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे संबंधित क्षेत्र की जनता के द्वारा किया जाए . यदि ऐसा हुआ तो सरकार को विधानसभा में विधेयक लाकर अधिनियम में संशोधन करना होगा . होने जा रहे विधानसभा के मानसून सत्र में इस तरह के विधेयक लाने की कोई सरकारी तैयारी नहीं दिखाई दे रही है . ऐसी दशा मे संभव हुआ तो मानसून सत्र के बाद होने वाले विधानसभा सत्र में ही स्थानीय निकाय चुनाव के लिए प्रत्यक्ष प्रणाली को लेकर कोई संशोधन विधेयक लाया जाएगा. नवभारत

### तब तक नहीं होंगे चुनाव

हाई कोर्ट जबलपुर मे कोविड 19 की तीसरी लहर की संभावनाओ को लेकर नगरी निकाय चुनाव डाले जाने संबंधी जनहित याचिका की थी जिसमें निर्वाचन आयोग ने न्यायालय के समक्ष पेश अपने जवाब में स्पष्ट किया कि जब तक तीसरी लहर की स्थिति साफ नहीं होगी तब तक चुनाव नहीं कराए जाएंगे विशेषज्ञो की सलाह और कोरोनावायरस आंतो की समीक्षा के बाद कि फैसला किया जाएगा.

नवभारत 29/7/21

राशन दुकान की जांच करने पहुंचे एसडीएम के सामने लोगों ने की दुकानदार की शिकायत

# समय पर नहीं खुलती राशन दुकान, शाम को लगा रहता है ताला



रतलाम. शहर में राशन दुकानों से पात्र परिवारों को वितरित होने वाले राशन की हकीकत जानने के लिए बुधवार को शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत औचक निरीक्षण पर निकल पड़े। एसडीएम कॉलेज रोड स्थित एक राशन दुकान पर पहुंचे तो वहां पर लोगों की कतार लगी नजर आई।

मौके पर मौजूद एसडीम से हितग्राहियों ने दुकान संचालक की शिकायत करते हुए कहा कि दुकान समय पर नहीं खुलती है, इतना ही नही शाम के समय तो दुकान पर ताला ही लगा रहता है। एसडीएम ने जब अनियमितता के बारे में दुकान संचालक से जवाब तलब किया तो उसका कहना था कि शाम के समय हितग्राही नहीं आते हैं इसलिए सुबह ही दुकान खोली जाती है। अब यहां शाम को ताला लगा नजर आया तो आप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम की माने तो दुकान के रिकॉर्ड लोगों को दी जा रही सामग्री में फिलहाल कोई अनियमितता नजर नहीं आई है लेकिन दुकान के समय को लेकर लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है जिस पर दुकान संचालक को समय पर दुकान खोले जाने के निर्देश दिए गए हैं। शाम को दुकान खुलती है या नहीं इसकी जांच करने के लिए मैं स्वयं फिर से यहां आऊंगा।

पत्रिका २9/7/२1

# आज सरकारी दफ्तरों में कामकाज रहेगा ठप, कर्मचारी रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

## मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कर्मचारियों से भरवाए सामूहिक अवकाश के आवेदन



सामूहिक अवकाश के आवेदन भरवाते हुए।

रतलाम | गुरुवार को सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप रहेगा। कारण कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश पर रहना है। मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। बुधवार को मोर्चा ने सरकारी कर्मचारियों को सामूहिक अवकाश के आवेदन भरवाए।

संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने संपर्क कर सामूहिक अवकाश पर रहने की कर्मचारियों से गुजारिश की। मोर्चा का दावा है कि शत-प्रतिशत कर्मचारी अधिकारी अवकाश पर रहेंगे। कार्यालयों में जनसंपर्क पर संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति जिला रतलाम के संरक्षक श्याम टेकवानी, जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह राणावत, सर्वेश कुमार माथुर, नरेंद्र सिंह चौहान, हेमंत राव, धुंवलाल निनामा, लक्ष्मी नारायण मौजूद थे।

दै. भास्कर 29/7/21

# शहर के तीन कॉलेजों में 755 स्टूडेंट ने लगवाई वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में बुधवार को तीन सरकारी कॉलेजों में वैक्सीनेशन किया गया। खास बात ये रही कि वैक्सीन लगवाने के लिए शहरी से ज्यादा ग्रामीण छात्र केंद्रों पर पहुंचे। अधिकारी इसका कारण ये भी बताते हैं कि ज्यादातर युवा वैक्सीन लगवा चुके हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के छात्र अभी बचे हुए हैं। इधर, जिले में 27305 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है।

जिले में वैक्सीनेशन अब तेज गति से हो रहा है। कॉलेज की शुरुआत के साथ ही वैक्सीनेशन भी जरूरी है इसलिए छात्रों को प्राथमिकता में वैक्सीनेशन किया जा रहा है। बुधवार को साइंस एंड आर्ट्स कॉलेज में 445, कन्या महाविद्यालय में 242 और कॉमर्स कॉलेज में 68 स्टूडेंट को वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन लगवाने आने वालों में 98% छात्र ग्रामीण क्षेत्र से ही आए थे। इसके अलावा प्राइवेट कॉलेज के स्टूडेंट भी शामिल थे। इसके अलावा मुस्लिम क्षेत्रों में भी वैक्सीनेशन को लेकर अच्छा उत्साह दिखा। महिला ज्यादा संख्या में वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंची।

## 98% ग्रामीण छात्र टीके के लिए पहुंचे, शहरी ज्यादातर लगवा चुके



गर्ल्स कॉलेज में वैक्सीन लगवाती हुई छात्राएं।

## शहर में 18+ के 77.81% लोगों को लग चुका टीका

इधर, रतलाम शहर में वैक्सीनेशन में युवाओं ने अच्छा रुझान दिखाया है। अब तक शहर में कुल 77.81% लोगों ने टीका लगवा लिया है। शहर में युवा 1,49,269 हैं, इनमें से 1,16,149 लोग टीका लगवा चुके हैं। इनमें 10% लोग ऐसे हैं जो कि दूसरा डोज भी लगवा चुके हैं। रतलाम के बाद जावरा में युवाओं में 35.53% टीकाकरण हुआ है। सबसे कम बाजना में सिर्फ 19% लोगों ने वैक्सीन लगवाई है।

## सभी केंद्रों पर 100% से ज्यादा टीकाकरण

जिले के सभी ब्लॉक में 100% से ज्यादा ही टीकाकरण हुआ है। रतलाम शहर में 6815 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसके अलावा आलोट में 5451 वैक्सीन लगी। रतलाम ग्रामीण में 5425 लोगों को टीके लगे। जिले में कुल 27305 लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। भास्कर

## 45+ के जिले में 45.96% लोग लगवा चुके हैं टीका

जिले में अब तक 45+ के 45.96% लोगों को टीका लग चुका है। यहां भी रतलाम शहर की स्थिति सबसे अच्छी है। शहर में 77.85% लोग टीका लगवा चुके हैं। इनमें से 66.94% लोगों को दूसरा डोज भी लग गया है। सबसे कम बाजना में 20.11% लोगों को टीका लगा है।

दै. भास्कर 29/7/21

# 27305 लोगों को टीका लगाया

## रतलाम जिले में वैक्सीनेशन का आंकड़ा छह लाख के करीब पहुंचा आंकड़ा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में बुधवार को 27305 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसके साथ ही जिले में अब तक 567306 कोविड वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि बुधवार को आलोट क्षेत्र में 5451, बाजना में 2545, सैलाना में 1657, जावरा में 4376, पिपलौदा



1036, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 5425, रतलाम शहर में 6815 लोगों को टीका लगाया गया।

### डीआरएम आफिस पर विवाद

डीआरएम आफिस केंद्र पर दूसरे डोज के लिए लोगों की कतार लगी रही। यहां टोकन बांटने में गड़बड़ी की शिकायत लोगों ने की। क्षेत्रीय रहवासी दिलीप कौशल चाकी ने बताया कि सुबह दो कतार लगवाई फिर एक कतार कर दी। 150-180 टोकन ही बांटे। बाद में दोपहर में टोकन दिए गए। मामले में एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत को भी शिकायत की। नईदुनिया

नईदुनिया 29/7/21

# पांच हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर को बिना ब्याज का ऋण

## डीएलसीसी की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

रतलाम। मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडर्स को 15 अगस्त तक प्रकरण स्वीकृत कर राशि वितरण करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को बैंकों की जिला स्तरीय समन्वय सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर ने शासन प्रायोजित योजनाओं में बैंकों द्वारा दी गई स्वीकृति तथा वितरण की समीक्षा की।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि योजना में 5500 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इस योजना में 10 हजार रुपये की राशि स्ट्रीट वेंडर बगैर ब्याज के दी जाती है।

शासन प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स अनावश्यक रूप से प्रकरणों को लौटाएं नहीं, वे जो भी डाक्यूमेंट मांगते हैं उनको शासकीय विभागों द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।

### दूसरे दिन एक भी नया पाजिटिव केस नहीं

रतलाम। जिले में लगातार दूसरे दिन बुधवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या दो है। जिले में अब तक 17500 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17187 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

नईदुनिया 29/7/21

# 31 तक कर जमा करें, पेनल्टी नहीं लगेगी

रतलाम | अप्रैल और मई में कोरोना कर्फ्यू के साथ प्रतिबंध लगाए गए थे। इससे लोग भी नगरीय निकायों के विभिन्न कर और उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान समय पर नहीं कर सके थे। ऐसे में पेनल्टी लग रही थी, लेकिन अब इसमें राहत मिली है। राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि ऐसे लोग जो 31 जुलाई तक नगरीय निकायों को कर व उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान करेंगे, उन्हें 3 महीने अप्रैल से जून तक की पेनल्टी नहीं देना होगी।

# वार्ड में गंदगी मिली तो पद से हटाए जाएंगे

रतलाम | वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि की सफाई के लिए झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक तैनात है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा मिलने पर संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

16/7/21

टीकाकरण महाभियान

# कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने लगवाया कोविशिल्ड का डोज




रतलाम. जिले में कोविड टीकाकरण के तहत बुधवार को शहर सहित ग्रामीण अंचल में टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर कन्या महाविद्यालय में भी यहां की छात्राओं के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया जिसमें 240 छात्राओं को कोविशिल्ड के टीके का पहला डोज लगाया गया।

कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. कटारे ने बताया कि छात्राओं का वैक्सिनेशन हो जाए इसके लिए महाविद्यालय में विशेष अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए वैक्सिनेशन की व्यवस्था की गई। छात्राओं ने इसमें उत्साअह पूर्वक भाग लिया तथा दूरस्थअ ग्रामीण क्षेत्रों से भी आकर वैक्सीन लगवाई। वैक्सिनेशन व्यावस्थाक में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश कटारिया, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यर म अधिकारी प्रो. निलोफर खामोशी, डॉ. अनामिका सारस्वत, डॉ. मंगलेश्वरी जोशी, डॉ. स्नेहा पंडित, डॉ. अनिल जैन सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

पत्रिका 29/7/21

# राशन दुकान पर आयुष्मान कार्ड बनाने संचालक नहीं पहुंचा तो एमपी ऑनलाइन सेंटर सील किया

भास्कर संवाददाता | रतलाम




कॉलेज रोड पर दुकान का निरीक्षण करते हुए एसडीएम।

शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविर स्थलों पर एमपी ऑनलाइन सेंटर संचालक की ड्यूटी लगाई गई है। तय समय पर राशन दुकान पर नहीं पहुंचने पर एक पर कार्यवाही करते हुए उसकी दुकान 24 घंटे के लिए सील की है।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान गोशाला रोड स्थित एमपी ऑनलाइन सेंटर के संचालक मनोज पिता छोटेलाल चौधरी की दुकान का निरीक्षण किया। यहां पता लगा कि उन्हें जिस शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचना था, वे वहां नहीं पहुंचे तथा अपने सेंटर पर काम करते रहे। शासन की प्राथमिकता वाले इस कार्य में लापरवाही बरतने पर उक्त ऑनलाइन शॉप को 24 घंटे के लिए बंद करने के निर्देश एसडीएम ने दिए तथा संचालक को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। इसके साथ ही एसडीएम ने अन्य दुकानों का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने सभी ऑनलाइन संचालकों को निर्देश दिए हैं कि जिसकी ड्यूटी जिस दिनांक को जिस पीडीएस शॉप पर लगाई गई है वह वहां पूरे समय उपस्थित रहकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करे। भास्कर

दै. भास्कर 29/7/21

# नही पहुंचा संचालक तो राशन दुकान सील



रतलाम। शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर में एमपी आनलाइन सेंटर संचालक की ड्यूटी लगाई जा रही है। तय तारीख पर पीडीएस शाप पर नहीं पहुंचने उसकी दुकान 24 घंटे के लिए सील की गई है।

एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि कियोस्क संचालक के नही पहुंचने संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर गौशाला रोड स्थित एमपी आनलाइन सेंटर के संचालक मनोज पुत्र छोटेलाल चौधरी की दुकान का निरीक्षण किया। यहां पता लगा कि उन्हें जिस शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचना था, वे वहां नहीं पहुंचे तथा अपने सेंटर पर कार्य करते रहे। शासन की प्राथमिकता वाले कार्य मे लापरवाही बरतने पर आनलाइन शाप को 24 घंटे के लिए बंद करने तथा संचालक को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। अहिंसा

अहिंसा 29/7/21

# गुणावद जल प्रदाय योजना के तहत 3 हजार से अधिक घरेलू नल कनेक्शन हुए

## 14 ग्रामों के 28 हजार से अधिक जनसंख्या लाभान्वित होगी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

जिले में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है। रतलाम में जल निगम की प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजना के तहत गुणावद से 3366 घरेलू नल कनेक्शन अब तक दिए जा चुके हैं। यहां से कुल 6043 घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है। इस योजना से 14 ग्रामों के 28 हजार से अधिक जनसंख्या लाभान्वित होगी। मलेनी नदी स्रोत से संचालित होने वाली इस योजना में जल प्रदाय क्षमता 2.80 एमएलडी है। इस योजना की अनुमानित लागत 25.94 करोड़ है। इस योजना की वर्तमान में 81प्रतिशत से अधिक प्रगति हो चुकी है।

### 140 गांवों में योजना प्रगति पर

पीएचई की विभागीय नल जल योजना में इनमें से 140 ग्राम में योजना प्रगतिरत है और 687 ग्राम विभागीय योजनाओं से आच्छादित हो चुके हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आलोट, जावरा, सैलाना एवं रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में कुल 186 स्वीकृत योजनाओं में से 41 पूर्ण की जा चुकी है और शेष प्रगतिरत है। एफएचटीसी 37559 प्रस्तावित है इनमें से 22151 पूर्ण की जा चुकी है। इसी प्रकार सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत आलोट के बरखेड़ाकला एवं बोरखेड़ी, जावरा के कलालिया, बाजना के कुंदरपाड़ा में योजना स्वीकृत है। बोरखेड़ी के अतिरिक्त सभी योजनाओं की भौतिक प्रगति लगभग पूर्णता की ओर है। गुणवत्ता प्रभावित ग्रामों के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में सैलाना में [illegible], ब्याटोक, गुंजा, बाजना में बोरपाड़ा तथा शंभूपुरा में योजना प्रगति पर है।

जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मापदंड से निर्धारित गुणवत्ता का नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है। जून 2020 से जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन प्रारंभ किया जा चुका है। इसके तहत नल जल योजना एवं जल की उपलब्धता संबंधी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत जिले के 1050 ग्राम कवर होंगे। इनमें 71 ग्रामों को शत प्रतिशत एफएचटीसी (क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन) ग्राम बनाया जा चुका है। 979 ग्रामों में यह कार्य प्रगति पर है।

## निगम आयुक्त झारिया ने किया सीवरेज कार्य का निरीक्षण

**रतलाम।** मंगलम सिटी मेन रोड कॉलोनी में 600 मीटर लंबी खोदी गई सीवरेज पाइप लाइन कार्य का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश चंद्र व्यास के साथ कर मरम्मत कार्य शीघ्र करने हेतु ठेकेदार के इंजीनियर को दिये निगम आयुक्त ने ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया कि शीघ्र मरम्मत करवायें जिससे रोड कॉलोनी वासियों के सुचारू आवागमन के लिए के लिए उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कॉलोनीवासी एवं समिति पदाधिकारी सर्वश्री प्रकाश चंद्र व्यास हंसराज छाबड़ा (गोलू), वीरेंद्र यादव ने निगम आयुक्त को कॉलोनी की पानी की समस्या को भी अवगत कराया, जिस पर आयुक्त श्री झारिया ने सिटी इंजीनियर श्री व्यास से शीघ्र कार्यवाई हेतु निर्देशित किया। श्री व्यास ने कॉलोनी की साफ-सफाई एवं कॉलोनी में स्थित बगीचे की एक बार सफाई पर भी चर्चा की जिससे कॉलोनी स्वच्छ एवं सुंदर रहे।

राज एक्सप्रेस 29/7/21

**नगर निगम की विसंगति** • पटरी पार की कई कॉलोनियों में 7 महीने से रोज 30 दिन मिल रहा पानी

# भेदभाव : महीनाभर जल आपूर्ति हो या 15 दिन जल कर की राशि 150 फिक्स

## बिना शेड्यूल से हो रही जल सप्लाई शहर की कई कॉलोनियों में रहवासियों के लिए समस्या बनी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जलकर वसूली में शहरवासियों के साथ भेदभाव हो रहा है। वजह शहर की ऐसी कॉलोनियां जहां रोज पानी सप्लाई हो रहा है। वहां भी नगर निगम 150 रुपए जलकर वसूल रहा है और जहां एक दिन छोड़कर एक दिन जलप्रदाय हो रहा उन कॉलोनियों के रहवासियों से भी 150 रुपए ही जलकर वसूला जा रहा है। एक शहर में जलकर के दो अलग नियम से लोग भी हैरत में हैं।

शहर में पटरी पार की 50 से ज्यादा कॉलोनियों में पिछले 7 महीने से रोज पानी की सप्लाई हो रही है। दिसंबर से इसकी शुरुआत हुई थी और शहर की अन्य कॉलोनियों की तरह ही यहां भी आधा से पौन घंटे पानी की सप्लाई हो रही है। महीने के पूरे 30 दिन पानी की सप्लाई होने के बावजूद इन कॉलोनियों के लोगों से निगम उतना ही जलकर वसूल रहा है जो अन्य कॉलोनियां जहां एक दिन छोड़कर एक दिन 15 दिन पानी की सप्लाई हो रही है। इससे 30 दिन जिन्हें पानी मिल रहा है उन्हें और जिन्हें 15 दिन पानी मिल रहा है उन्हें भी एक समान दर से निगम को पानी का टैक्स चुकाना पड़ रहा है।

### 15 दिन सप्लाई 30 दिन के पैसे वसूल रहे

धानमंडी के राजेश जैन ने बताया हमें 15 दिन पानी दिया जा रहा है और 30 दिन का पैसा वसूला जा रहा है। जबकि अन्य कॉलोनियों में 30 दिन पानी दिया जा रहा है और 30 दिन का ही पैसा वसूला जा रहा है। आखिर एक शहर में निगम ने दो नियम क्यों बना रखे हैं। सज्जन विहार कॉलोनी रहवासी हितेंद्र उपाध्याय ने बताया एक दिन छोड़कर एक दिन नलों में पानी आना चाहिए। लेकिन पिछले कुछ दिनों से शेड्यूल गड़बड़ा गया है। जबकि हर महीने 150 रुपए जलकर वसूला जाता है। जब पूरा शुल्क वसूला जा रहा है तो पानी भी उतना मिलना चाहिए। दीनदयालनगर के रहवासी राजेश बाफना ने बताया कई बार तो तीन से चार दिन का इंतजार करना पड़ता है। लेकिन यदि जलकर में थोड़ा भी लेट हो जाओ तो 40 रुपए पेनल्टी वसूल ली जाती है। आखिर हम 15 दिन के पानी के 150 रुपए क्यों चुकाएं।

### इन इलाकों के लोगों को रोज मिल रहा पानी, फिर भी जलकर 150 रुपए ही है

कस्तूरबा नगर, मनीष नगर, मोहन नगर टॉवर वाली रोड, टेलीफोन नगर, भगत सिंह नगर, रंजीत नगर, सुंदरवन कॉलोनी, राम मंदिर रोड, सज्जन मिल रोड , एमबी नगर, सेंट्रल प्लाजा, सज्जन मिल की चाल, कल्पतरु कॉलोनी, शक्ति नगर, प्रियदर्शनी नगर, आदर्श नगर, राजू नगर, बसंत विहार कॉलोनी, प्रियदर्शनीनगर, आदर्शनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में।

### इधर आदेश के बाद भी जल सप्लाई व्यवस्था में सुधार नहीं



दीनदयालनगर पानी की टंकी जहां से तीन दिन बाद पानी की सप्लाई हुई। इससे तीन दिन तक लोग परेशान होते रहे।

एक सप्ताह पहले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम के अफसरों की बैठक ली थी। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नगर निगम का अमला 24 घंटे काम करते हुए जल वितरण व्यवस्था को सुधारे और लोगों की शिकायत सुने। वहीं कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह अंतिम बैठक है यदि सुधार नहीं किया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जल प्रदाय से संबंधित शिकायत एवं समस्या के निराकरण के लिए काल सेंटर स्थापित करने के निर्देश भी दिए थे। लेकिन ना तो जल सप्लाई व्यवस्था में सुधार हुआ और ना ही कॉल सेंटर स्थापित हुआ। शहर के कई इलाकों में आज भी लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। स्थिति यह है कि तीन दिन में नलों में पानी आ रहा है।

### शहर में रोज पानी देने पर निगम कर रहा है काम

*फ्लैट रेट के दर से जल कर की वसूली की जा रही है। शहर की अन्य कॉलोनियों में भी रोज पानी देने पर काम किया जा रहा है। बारी-बारी से 1-1 टंकी से सप्लाई शुरू की जाएगी।* **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

दै. भास्कर 29/7/21